राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

स्वतंत्रता दिवस – 2020

राज्यपाल ने झण्डारोहण किया

—

जयपुर, 15 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को यहां राज भवन में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झण्डारोहण किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन परिसर स्थित राजकीय विद्यालय के छात्र–छात्राओं को मिठाई वितरित की।

कोरोना महामारी के चलते राजभवन में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए संक्षिप्त एवं सादगीपूर्ण झण्डारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने राजभवन परिसर के उद्यान में पारिजात का पौधा रौंपकर प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों में हो रहे पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। राज्यपाल श्री मिश्र की पुत्रवधू डॉ. सुषमा और पौत्र श्री अक्षत ने भी पौधा लगाया। राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल ने राजभवन परिसर में पौधारोपण किया।

राज्यपाल से डॉ. सी.पी. जोशी मिले

जयपुर, 15 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने शिष्टाचार मुलाकात की। दोनों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दीं।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क),
राज्यपाल, राजस्थान
9829271189